प्रेषक,

अनिल कुमार सिंह,
संयुक्त सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0 लखनऊ ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-4 लखनऊ : दिनॉक।8नवम्बर , 2022

विषय:-शैक्षणिक सत्र 2022-23 की द्वितीय चक्र की काउंसिलिंग हेतु बी0एससी0 नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बी0एससी0 नर्सिंग/एम0एससी0 नर्सिंग हेतु योग्यता परसेन्टाईल कम करते हुए संशोधितअर्हता (कट-ऑफ) संशोधित किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या- एम0ई0-3/नर्सिंग-2022/2560, दिनांक 05.11.2022 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा शैक्षणिक सत्र 2022-23 की द्वितीय चक्र की काउंसिलिंग हेतु बी0एससी0 नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बी0एससी0 नर्सिंग/एम0एससी0 नर्सिंग हेतु योग्यता परसेन्टाईल कम करते हुए संशोधित अर्हता (कट-ऑफ) संशोधित किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2 - उक्त के परिप्रेक्ष्य में सम्यक विचारोपरान्त शासन द्वारा बी0एससी0 नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बी0एससी0 नर्सिंग/एम0एससी0 नर्सिंग पाठ्यक्रम हेतु अर्हता UR/EWS श्रेणी हेतु 40 प्रतिशत (80 अंक) एवं SC/ST/OBC हेतु 30 प्रतिशत (60 अंक) तक घटाये जाने का निर्णय लिया गया है।

3- अत: इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया तद्नुसार लिए गये निर्णय के आलोक में अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

Signed by अनिल कुमार सिंह
Date: 18-11-2022 18:13:50
Reason: Approved

(अनिल कुमार सिंह)
संयुक्त सचिव।

संख्या एवं तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषि:-

1.कुलसचिव, अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0, लखनऊ।
2. कुलसचिव, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0, लखनऊ।

आज्ञा से,

(अनिल कुमार सिंह)
संयुक्त सचिव।